केन्द्रीय विद्यालय, नं-4
कोरबा छत्तीसगढ पिन- 495450
KENDRIYA VIDYALAYA, NO. 4
KORBA, CHHATTISGARH PIN - 495450
E-mail : kv4korba@gmail.com Website : www.kv4korba.com
PH : (07759) 231800 [O] (07759) 231267 [Principal Off.] Fax: (07759) 231800 [O]

पत्र क्र 1-07/KV4/2020-21/ दिनांक:29/08/2020

राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतिवेदन

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 कोरबा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस दिनांक 29.08.2020 को ऑनलाइन माध्यम से मनाया गया । इस उपलक्ष्य के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की सूची विद्यालय द्वारा प्रकाशित ई-विवरणिका में संलग्न है।

प्रातः 11:00 बजे से आयोजित ऑनलाइन वेबिनर में लगभग 250 बच्चे, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे। यह वेबिनर लगभग 12:50 PM तक चली। कथित वेबिनर का संचालन श्री राजेश कुमार देवांगन, स्न्नात्कोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी) द्वारा किया गया। सर्व प्रथम श्री विनोद कुमार तैभुन्ना, शारीरिक शिक्षक द्वारा मेजर ध्यानचंद की जीवनी एवं खेल कूद की महत्वता पर प्रकाश डाला गया । तत्पश्चात श्रीमती संध्या लकड़ा ,प्राचार्या द्वारा बच्चो को नियमित व्यायाम कर अपने आपको स्वस्थ रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वेबिनर में मौजूद विद्यालय प्रबंध समिति के शिक्षाविद सदस्य ,श्रीमती जे.आर.बी. आनंद द्वारा अपने वक्तव्य में मेजर ध्यानचंद के बारे में बताया गया । वेबिनर के अगले चरण में विद्यालय के श्री गोबिंद रावत, स्नातकोत्तर शिक्षक (अर्थशास्त्र) द्वारा खेल के माध्यम से फिटनेस विषय के ऊपर चर्चा की गयी ।

विद्यालय के दो छात्रो स्वयं पाण्डेय ,XII विज्ञान एवं श्रेयंशी गुप्ता ,VII द्वारा कोविद-19 के दौरान अपने घर पर रह कर किये गये व्यायाम के अनुभव साझा किये गए । इसके उपरांत विद्यालय के ही दो पूर्व छात्र श्री नवीन कुमार एवं अनिमेष यादव जो की अभी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संसथान गुवाहाटी में अध्यनरत है , के द्वारा खेल कूद में केरीयरएवं मानवीय सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गयी ।

बच्चो को वेबिनर के दौरान मेजर ध्यानचंद के उपलब्धियों पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गयी तथा कार्यक्रम के अंत में श्री राजेश कुमार देवांगन स्न्नात्कोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी) द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन दिया गया ।

उक्त आयोजन के पश्चात बच्चो के लिए ऑनलाइन खेल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं खेल संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 293 एवं

चित्रकला प्रतियिगिता में 35 बच्चो ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चो को डिजिटल प्रमाण पत्र ई मेल के माध्यम से वितरित किया गया ।

1. विद्यालय द्वारा प्रकाशित ई विवरणिका :-

2. वेबिनार की छायाचित्र :-



3. प्रतियोगिता के ई- प्रमाण पत्र : -

धन्यवाद ।

संध्या लकड़ा

प्राचार्य